**खबर संक्षेप**

### संजना का मोदी के कार्यक्रम में चयन

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा संजना डागर का चयन पीएम नरेंद्र मोदी के प्रेरणा प्रोग्राम में हुआ है। इस प्रोग्राम में पूरे देश से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें हरियाणा से आर्य गर्ल्स स्कूल की छात्रा ने प्रतिनिधित्व किया। प्रोग्राम का आयोजन अहमदाबाद के प्रेरणा स्कूल में किया गया था। सभी प्रतिभागियों ने बट नगर गुजरात में अलग-अलग शिक्षण संस्थान में अनेक कार्यक्रम में भाग लिया।

### राम जन्म का वृतांत विस्तार से श्रद्धालुओं को सुनाया

**पानीपत।** प्राचीन देवी मंदिर में श्री राम कथा के तीसरे दिन कथा करते हुए कथा वाचक पंडित लालमणि महाराज त्रिकूट ने श्री राम जन्म का वृतांत विस्तार से श्रद्धालुओं को सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान का धरती पर अवतरण तब होता है जब पाप बढ़ जाता है। उसके भक्तों पर जुल्म होने लगता है। भगवान श्रीराम के जन्म से अयोध्या नगरी धन्य हो गई। जनता ने मंगल गीत गाए एक दूसरे को बधाइयां दी।

### शिकायतों का निपटारा तय समय में हो

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आचार संहिता के उल्लघन से सम्बंधित शिकायतों का निपटारा तय समय में किया जाए। विभिन्न राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों से सम्बंधित विभिन्न शिकायतें, विभिन्न तरह की अनुमति, छूट इत्यादि से सम्बंधित आवेदन प्राप्त किए जाए और तय समय में उनका निपटान किया जाए।

### धमकी देने वाले तीन लोग पकड़े

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने हत्या के मामले में जेल से जमानत पर आने के बाद गांव चुलकाना में साथियों के साथ मिलकर हुड़दंगबाजी कर गवाह को धमकाने व हवाई फायर करने मामले में बुधवार शाम को फरार चल रहे और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान रविंद्र व रवि निवासी चुलकाना व विपिन निवासी लालपुरा घरौंडा करनाल के रूप में हुई।

### शराब तस्करी में आठ पकड़े

**पानीपत।** अवैध शराब तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान के तहत शराब तस्करी के आरोप में आठ आरोपियों रामबाबू निवासी हरि नगर, विनोद निवासी गेहुनी गया, बिहार, लवली निवासी हरिसिंह कालोनी, अंकित निवासी गांव उग्राखेड़ी, ईश्वर निवासी गांव उरलाना कला, सुनील निवासी रानी महल, पानीपत, मुकेश निवासी दीनानाथ कॉलोनी, सियाराम निवासी खांडा जीन्द हाल राज नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया गया और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में केस दर्ज करवाए गए है। आरोपियों के कब्जे से 163 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की गई।

### पुलिस ने कबूतरबाजी की आरोपी पकड़ी

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने गांव बुड़शाम निवासी सन्नी से विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी करने मामले में गिरोह की आरोपी महिला को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया। आरोपी सोनिया चौपड़ा निवासी करनाल ठगी के अन्य मामले में पानीपत जेल में बंद थी।

### डंफर चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस टीम ने गांव झट्टीपुर के नजदीक जीटी रोड किनारे बनी आरटीए व खनन विभाग की पार्किंग से सीज किया डंपर चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों मोहित व पन्ना लाल निवासी राजाखेड़ी को गिरफ्तार किया। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया डंफर बरामद किया गया है।

---

## एमएएसडी स्कूल में अंतर सदनीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# स्केटिंग खेल में करियर बनाएं विद्यार्थीः डॉ. बबीता




हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

एमएएसडी स्कूल के प्रांगण में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए अंतर सदनीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के चार सदनों मधु सदन, अक्षरा, सुदर्शन व दामोदर सदन के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के खेल अध्यापक धर्मेंद्र राठी की देख रेख में किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ बबीता भारद्वाज ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से हमारा शरीर व मन स्वस्थ रहता है और हमारे अंदर खेल भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्केटिंग खेल में करियर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव इसराना की मेधावी छात्राओं का सम्मान करते हुए प्राचार्य रोहतास सिंह, आदि। **फोटो :हरिभूमि**

# राजकीय स्कूल की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया

**इसराना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव इसराना में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रोहतास सिंह ने की तथा मुख्य अतिथि समाजसेवी धर्मपाल सिंह जागलान रहे। समारोह में 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के साथ 22 मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कोमल ने 472 अंक से विद्यालय में प्रथम एवं खंड स्तर पर द्वितीय स्थान, तमन्ना ने 461 से द्वितीय तथा भारती ने 450 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें विद्यालय प्राचार्य रोहतास सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व मौलिक मुख्य अध्यापक करण सिंह, राजनीति विज्ञान प्रवक्ता सत्यवान सैनी, डॉ.रविंद्र शर्मा, गोपाल, रणधीर सिंह, भगत सिंह, सोमदत्त, यशवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

---

### आईबी कॉलेज की सिमरन केयू की मेरिट में

**पानीपत।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमकाम की परीक्षा में आईबीपीजी महाविद्यालय की सिमरन यूनिवर्सिटी में मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सिमरन ने यूनिवर्सिटी में 80 प्रतिशत अंक लेकर छठा स्थान प्राप्त करके कॉलेज एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। वही, प्रबंधक कमेटी के सेक्रेटरी एल एन मिगलानी ने छात्रा को आशीर्वाद दिया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। जबकि प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने सिमरन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के परिणाम आने वाले जीवन में उन्हें सफलता दिलवाने में सहायक होता है। इसके अलावा वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा, प्रो. अजय पाल, प्रो. माधवी,प्रो. राजेश बाला, प्रो. रुचिका, प्रो.करुणा, प्रो.आकांक्षा व प्रो.भावना उपस्थित थे।

# आईबी महाविद्यालय के विद्यार्थी स्पर्धाओं में छाए

- जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों का देश बंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन रहा। सेक्टर 18 स्थित देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के द्वारा जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें आईबी महाविद्यालय




**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी, प्राचार्य डा.अजय गर्ग के साथ।

से भी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी समय-समय पर अपने महाविद्यालय के साथ-साथ दूसरे महाविद्यालयों में भी भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हैं। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. पूनम मदान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी लगन व मेहनत के कारण आया है। इन प्रतियोगिताओं में शंकर एमए द्वितीय वर्ष, ने निबंध लेखन में तृतीय, मोहिनी बीबीए प्रथम वर्ष तथा कसक बीबीए प्रथम वर्ष ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय, आस्था बीए प्रथम वर्ष ने भाषण में द्वितीय, रोहित जोशी बीसीए तृतीय वर्ष ने स्लोगन में तृतीय, ब्रह्मजया बीए प्रथम वर्ष ने कविता प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता को श्रेष्ठ बनाने में डॉ.निधि मल्होत्रा, प्रो.करुणा सचदेवा, प्रो.रितिका जताना, प्रो. रेखा शर्मा का मुख्य योगदान रहा।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पानीपत में धारा 144 लागू

**पानीपत।** पानीपत में 25 मई को लोकसभा चुनाव के दृष्टिदगत होने वाले मतदान के दिन जिलाधीश डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आमजन में समानता, शांति और कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के इकटठा होने और किसी भी तरह के आग्रेयास्त्र, तलवार (सिख धर्म में उपयोग की जाने वाली कृपाण को छोडकर), गण्डासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू और दूसरे ज्वलनशील हथियार लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। लाइसेंसशुदा हथियार धारकों को अपने हथियार आगामी दो माह तक स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा करने के भी आदेश जारी किए गए हैं। ये आदेश डयूटी पर मौजूद न्यायिक अधिकारियों, पुलिस और अन्य दूसरे लोकसेवकों पर लागू नही होंगे और उन समुदायों पर भी लागू नहीं होंगे जो लम्बे समय से चले आ रहे कानून, रितिरिवाजों और ऐसे समुदायों के किसी भी व्यक्ति के हथियारों का उपयोग करने के लिए हथियार प्रदर्शित करने के हकदार हैं। यदि वह हिंसा में लिप्त पाए गए और कानून एवं व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न करते हुए पाए गए तो उनका लाईसेंस निलम्बित कर दिया जाएगा।

---

# पूर्व सीएम ने इसराना में रोड शो किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल की चुनावी रथयात्रा पानीपत के इसराना विधानसभा के गांव कैत, गांव शाहपुर, परढाना, खलीला, अहर, अलुपुर, भंडारी, वैसर, मतलौडा, भालसी, उंटला, खुखराना, सोदापुर में पहुंची। यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में लोग मनोहर लाल को अपना समर्थन देने उमड़े। जहां-जहां से यात्रा गुजरी वहां-वहां मनोहर लाल का ग्रामीणों



ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा कृष्ण लाल पंवार, लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण, विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत आदि मौजूद रहे।

# पोस्टल बैलेट मतदान में गोपनीयता बरतनी पड़ती है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया के निर्देश पर गुरूवार को जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की चुनाव संबंधित बैठक एसडीएम मनदीप सिंह ने ली व अधिकारियों को 25 मई को मतदान दिवस पर वोट डालने के संदर्भ में कुछ प्रक्रियाओं का पूरा करने के निर्देश दिए व विभाग अनुसार एसेंशियल डयूटी देने वालों के बारे में जानकारी ली। एसडीएम मनदीप ने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव को




**पानीपत।** जिला सचिवालय में चुनाव को लेकर बैठक करते हुए अधिकारीगण। **फोटो :हरिभूमि**

निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कराने में अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका रहती है। चुनाव आयोग ने मतदान की तिथि वाले दिन एसेंशियल डयूटी देने वालों व चुनावी डयूटी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को वोट देने के संबंध में कुछ आवश्यक निर्देश दिये हैं जिनका हमें सख्ती से पालन करना होगा। एसडीएम ने जानकारी देते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य मतदान से हटकर है इसमें काफी गंभीरता व गोपनीयता बरतनी पड़ती है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहुजा, रोड़वेज जीएम कुलदीप जांगड़ा, डिप्टी सीएमओ डॉ. शशि गर्ग, डॉ. ललित वर्मा , स्टेशन अधीक्षक धीरज कपूर के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पानीपत प्रशासन ने लोस चुनाव प्रचार की गाइड लाइन जारी की

**पानीपत।** जिलाधीश डॉ. वीरेंद्र दहिया ने लोकसभा आम चुनाव को सुचारू एवं निष्पक्ष करवाने के दृष्टिद्गत दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार कोई भी उम्मीदवार बिना संबंधित रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के बगैर कोई भी वाहन प्रचार के लिए उपयोग में नहीं ला सकेगा।

कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार चुनाव के दौरान बिना सम्बंधित एसडीएम की अनुमति के बगैर लाऊड स्पीकर नहीं बजा सकेगा।

---

# पानीपत की भारत स्काउट्स एंड गाइड्स टीम सम्मानित

- स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स हेडक्वार्टर चण्डीगढ़ पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स हरियाणा राज्य सचिव लेबर कमिश्नर मनीराम शर्मा और हरियाणा राज्य बुलबुल कमिश्नर अमनीत पी कुमार, हरियाणा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एलएस वर्मा, हरियाणा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त अनिल कौशिक, बंसल और बुलबुल हरियाणा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त रोमा सोपरा ने पानीपत भारत स्काउट्स एंड गाइड्स टीम जिसमें गाइड डीओसी मीना कम्बोज, बुलबुल डीओसी




**पानीपत।** पानीपत की भारत स्काउट्स एंड गाइड्स टीम को सम्मानित करते अधिकारी। **फोटो :हरिभूमि**

मोनिका, स्काउट डीओसी गुलाब पांचाल, कब डीओसी हरिओम को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### राजनीतिक दलों को कार्यक्रम संबंधी अनुमति देने में निष्पक्षता बरतें

**पानीपत।** एसडीएम एवं पानीपत ग्रामीण विधानसभा के एआरओ मनदीप कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में चुनाव डयूटी में लगे उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजनीतिक दलों से सम्बंधित कोई भी अनुमति निष्पक्ष रूप से प्रदान की जाए। कोई भी राजनीतिक दल या पार्टी अगर किसी रैली जनसभा की अनुमति लेने के लिए आवेदन करते हैं तो निर्धारित तय समय में अनुमति प्रदान की जाए। सम्बंधित विभाग कोई भी एनओसी जारी करने में समय ना गवाएं।

### सरकारी एजेंसियों ने 2.88 लाख एमटी गेहूं खरीदा

**पानीपत।** रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 964132 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 288146 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 36436 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 113874 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 105729 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4671 का उठान किया जा चुका है।

---

# सत्य, अहिंसा, तप, त्याग की राह पर चलें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जैन संत आचार्य श्री 108 श्रुत सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। वही, सर्व प्रथम आचार्य श्री का स्वागत अभिनंदन स्कूल के मुख्य द्वार पर जैन स्कूल सोसायटी के सदस्यों एवं जिनवाणी विद्या भारती स्कूल स्टाफ के द्वारा आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन एवं महाआरती कर किया गया। इधर, आचार्य श्री सर्व प्रथम स्कूल अवलोकन किया तत्पश्चात आचार्य श्री बच्चों को अपना आशीर्वाद देने के लिए सभागृह मंच पर विराजमान हुए। वही, सर्वप्रथम जैन स्कूल सोसायटी एवं दिगंबर जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने



**पानीपत।** जिनवाणी स्कूल में जैन संत आचार्य श्री 108 श्रुत सागर प्रवचन करते हुए संत महाराज के प्रवचन सुनते हुए श्रद्धालु व विद्यार्थी।

आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित किया साथ ही जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं जैन किड्स स्कूल के प्रिंसिपल और अध्यापकों ने गुरु चरणों में श्रीफल अर्पित किया। जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए दिगंबर जैन पंचायत के प्रबंधक मुकेश जैन के बताया कि जैन स्कूल सोसायटी पानीपत की सबसे प्राचीन एजुकेशन सोसाइटी है सन 1909 से यह सोसाइटी शिक्षा के क्षेत्र में पानीपत में अपनी सेवाएं दे रही है एक समय में जैन हाई स्कूल का नाम पूरे देश में गूंजायमान था और उन्होंने कहा कि जैन संत का स्कूल में आना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। वही समाजसेवी एडवोकेट मेहुल जैन ने अपना वक्तव्य रखते हुए गुरु चरणों में अपने भाव रखते हुए बच्चों को बताया कि जैन संत दिन में मात्र एक बार भोजन-पानी ग्रहण करते हैं, सर्दी, गर्मी, बारिश चाहे कोई मौसम हो हमेशा नग्न रहते हैं, अपने हाथों से केश लोचन करते हैं और आज के युग में जैन संत से बड़ा कोई भी तपस्वी नहीं है और जैन संत हमेशा भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलते हैं सत्य, अहिंसा, तप और त्याग जैन संतों का गहना है, वह सदैव पैदल चलते हैं। जबकि आचार्य श्री श्रुत सागर जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में बच्चों को कहा कि आप लोग अभी से मेहनत करो तो सारी जिंदगी मौज करोगे। वर्तमान में जीकर आप वर्धमान बन जाओगे, इसलिए जो करना है वह आज करना है कल पर नहीं डालना है। इस अवसर पर जैन स्कूल सोसायटी के पूर्व प्रधान सुरेंद्र जैन, प्रधान राजेश जैन, उप प्रधान कुलदीप जैन, प्रबंधक संजीव जैन, उप प्रबंधक दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, ऑडिटर दिनेश जैन सीए, मुकेश आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

अभिनव गाबा पुत्र स्व. श्री श्याम लाल पुत्र श्री कर्म चन्द गाबा निवासी मकान नं. 739 सैक्टर 12 हुडा पानीपत व आदि।

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अभिनव गाबा पुत्र स्व. श्री श्याम लाल पुत्र श्री कर्म चन्द गाबा निवासी मकान नं. 739 सैक्टर 12 हुडा पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व. श्री श्याम लाल पुत्र श्री कर्म चन्द गाबा की मृत्यु दिनांक 28.02.2014 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री श्याम लाल पुत्र श्री कर्म चन्द गाबा के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी हैंः- 1. सुदेश रानी (पत्नी) 2. अभिनव गाबा (पुत्र) 3. रिम्पल (पुत्री) 4. आभा (पुत्री) 5. प्रियंका (पुत्री) 6. वंदना (पुत्री) ही जायज वारिस हैं मृतक की माता स्व. सुमित्रा देवी का दिनांक 26.03.1986 देहान्त हो गया है अजित सिंह एक्स पार्षद पानीपत व लेख राज पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. श्री श्याम लाल पुत्र श्री कर्म चन्द गाबा का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री श्याम लाल पुत्र श्री कर्म चन्द गाबा के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 25.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार पानीपत**

**विषय : अमन जुनेजा पुत्र श्री महिन्द्र सिंह जुनेजा निवासी मकान नम्बर 1002/8 सनौली रोड पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जात है अमन जुनेजा पुत्र श्री महिन्द्र सिंह जुनेजा निवासी मकान नम्बर 1002/8 सनौली रोड पानीपत ने वारसान तसदीक हेतु पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के दादा साहिब सिंह जुनेजा पुत्र श्री गुरदित की दिनांक 9/5/2021 को मृत्यु हो चुकी है यह कि साहिब जुनेजा की माता वीरांदेवी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है- यह कि साहिब सिंह जुनेजा की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हल्का पटवारी एवं चंचल सहगल नगर निगम पार्षद वार्ड-8 द्वारा अपनी रिपोंट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है

**1- श्रीमति विध्यान्ती पत्नी 2 सुन्दर सिंह जुनेजा पुत्र, 3- महिन्दर सिंह जुनेजा पुत्र मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है।**

इनके इलावा मृतक साहिब सिंह जुनेजा पुत्र श्री गुरदित का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

